## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः–एफ.2(ग)(1)अलेसे– I / 909 दिनांकः– 10 .01.2019

**आदेश संख्या 291 / 18–19**

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963 के नियम 29(2) के अन्तर्गत, वर्ष 2014–15 के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 27.08.14 में बन्द लिफाफे में रखे गये श्री गौतम प्रसाद जैन (जन्म दिनांक 02.07.1959), लिंक नम्बर 8680, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II (लेखाकार) के, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद पर चयन के नतीजे को खोला जाकर, उक्त विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश के आधार पर, इन्हे 2014–15 के रिक्त पद के विरूद्ध सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I पद की वेतन श्रंखला 9300–34800, ग्रेड पे–4800 में पदोन्नत किया जाता है। श्री जैन की वरिष्ठता वर्ष 2014–15 में चयनित श्री विश्व प्रसाद पारीक एवं श्री निरंजन लाल शर्मा के मध्य रहेगी।

श्री गौतम प्रसाद जैन को, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम के पद पर चयन वर्ष की अन्तिम तिथि से, इस आदेश की पालना में वास्तविक कार्यग्रहण तिथि तक, पदोन्नति पद की वेतन श्रंखला में वेतन निर्धारण का केवल काल्पनिक लाभ ही देय होगा। **पदोन्नति पर वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण की तिथि से देय होंगे।**

श्री गौतम प्रसाद जैन, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II जो वर्तमान में कार्यालय पुलिस अधीक्षक( रेल्वेज) अजमेर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध कार्यरत है, का (सेवानिवृति में एक वर्ष से कम समय होने के कारण) पदोन्नति पर पदस्थापन कार्यालय पुलिस अधीक्षक (रेल्वेज) अजमेर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद पर यथावत रखा जाता है।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांक :–एफ.2(ग) (1) अलेसे– I / 909 दिनांकः 10 .01.2019

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. सचिव, राज0 लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज0 जयपुर।
3. विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष................................................................
4. श्री ........................................ सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय ................................................
   ..को निर्देशित किया जाता है कि वे कार्यग्रहण कर सूचना अविलम्ब फैक्स अथवा विभागीय ई–मेल aao1.dta@rajasthan.gov.in पर इस विभाग को भिजवायें।
5. उप निदेशक (एसीपी) को वेबसाइट पर अपलोड एवं पीआईएस में इन्द्राज हेतु।
6. अतिरिक्त निजी सचिव निदेशक।
7. अलेसे–II / डीपीसी शाखा / ए.सी.आर. शाखा / जांच शाखा / गार्ड फाईल निजी पत्रावली।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)

वित्त भवन ब्लाक कमरा नंबर 306 जयपुर फोन नं. 0141–2740239 फैक्स नं. 0141–2742309, ई–मेल -jdp-ta-rj@nic.in
E:\2018\DTA\dpc\DPC AAO-I\promotion order.doc128